मलेरिया उन्मूलन अभियान

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **वर्ष 2027 तक राज्य से** मलेरिया **उन्मूलन** के लिये तीव्र अभियान शुरू किया है।

इस पहल में मलेरिया के प्रत्येक मामले की गहन जाँच और पूर्ण उपचार शामिल है।

मुख्य बिंदु:

- राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत **जून माह मलेरिया रोधी माह** है, इस वर्ष राज्य में मलेरिया के 771 मामले सामने आए।
  - प्रयासों में बेहतर **केस रिपोर्टिंग, प्रबंधन,** तथा **महामारी विज्ञान** और **कीट विज्ञान संबंधी जाँच में वृद्धि,** साथ ही वेक्टर नियंत्रण उपायों में तेज़ी लाना शामिल है।
- अधिकारियों के अनुसार, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता **व्यापक सर्वेक्षण और परीक्षण कर रहे हैं** तथा मलेरिया की रोकथाम एवं लक्षणों पर **सामुदायिक शिक्षा** जारी है
- **जून के अंत में** मानसून **आने की संभावना है,** जो मच्छर जनित बीमारियों **के लिये एक महत्त्वपूर्ण समय है,** इसलिये मलेरिया की रोकथाम के लिये व्यापक गतिविधियों की योजना बनाई गई है।
  - इनमें कीटनाशक का छिड़काव और फॉगिंग (Fogging) तथा सामुदायिक जागरूकता सेमिनार शामिल हैं।

मलेरिया

- मलेरिया प्लाज़्मोडियम परजीवी के कारण होने वाली एक जानलेवा बीमारी है।
  - **प्लाज़्मोडियम परजीवी की पाँच प्रजातियाँ** हैं जो मनुष्यों में मलेरिया का कारण बनती हैं और इनमें से दो प्रजातियाँ पी. फाल्सीपेरम तथा पी. विवैक्स सबसे बड़ा खतरा हैं।
- मलेरिया मुख्य रूप से **अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के** उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।
- मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है।
  - **मच्छर संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद संक्रमित हो जाता है।** मलेरिया परजीवी फिर मच्छर द्वारा काटे गए अगले व्यक्ति के रक्तप्रवाह में प्रवेश करते हैं। परजीवी **यकृत** तक जाते हैं, परिपक्व होते हैं और फिर लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं।
- मलेरिया के लक्षणों में बुखार और **फ्लू जैसी बीमारी** शामिल है, जिसमें **ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द तथा थकान** शामिल है। उल्लेखनीय है कि **मलेरिया के संक्रमण को रोका जाता सकता है एवं इसका उपचार किया जा सकता है।**

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (National Vector-Borne Disease Control Programme- NVBDCP)

- NVBDCP भारत में छह वेक्टर जनित बीमारियों यानी **मलेरिया,** डेंगू, लिम्फैटिक फाइलेरिया, कालाज़ार, जापानी इंसेफेलाइटिस **और** चिकनगुनिया की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिये **केंद्रीय नोडल एजेंसी** है। यह **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के तहत कार्य करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/campaign-to-eradicate-malaria